वाणी कर्म तीनों शक्तिशाली हो जायेंगे। बुरी चीज़ को सदैव फ़ौरन ही फेंका जाता है। अछि चीज़ को प्रयोग किया जाता है तो बुरी बातों को ऐसे फेंको जैसे बुरी चीज़ को फेंका जाता है। फिर समय पुरुषार्थ से तेज़ नहीं जाएगा। समय का इंतज़ार आप करेंगे तो हम तैयार बैठे हैं। समय आये तो हम जाएँ। ऐसी स्थिति हो जाएगी। अगर अपनी तैय्यारी नहीं होती है तो फिर सोचा जाता है कि समय थोडा हमारे लिए रुक जायेगा।

बांधेली का योग तेज़ होता है। क्योंकि जिस बात से कोई रोकते हैं तो बुद्धि ज़रूर उस तरफ लगी रहती है। घर बैठे भी चरित्रों का अनुभव कर सकते हो। लेकिन ऐसी लगन चाहिए। जब ऐसी लगन-अवस्था हो जाएगी तो फिर बंधन कट जायेंगे। एक की याद ही अनेक बंधन को तोड़नेवाली है। एक से जोड़ना है, अनेक से तोडना है। एक बाप के सिवाए दूसरा न कोई। जब ऐसी अवस्था हो जाएगी फिर यह बंधन आदि सभी ख़त्म हो जायेंगे। जितना अटूट स्नेह होगा उतना ही अटूट सहयोग मिलेगा। सहयोग नहीं मिलता, इसका कारण स्नेह में कमी है। अटूट स्नेह रख करके अटूट सहयोग को प्राप्त करना है। कल्प पहले का अपना अधिकार लेने लिए फिर से पहुच गए हो, ऐसा समझते हो? वह स्मृति आती है कि हम ही कल्प पहले थे। अभी भी फिर से हम ही निमित्त बनेंगे। जिसको यह नशा रहता है उनके चेरे में ख़ुशी और ज्योति रूप देखने में आता है। उनके चेहरे में अलौकिक अव्यक्ति चमक रहती है। उनके नयनों से, मुख से सदैव ख़ुशी ही ख़ुशी देखेंगे। देखनेवाला भी अपना दुःख भूल जाये। जब कोई

मिलेगा। जो खुद नहीं कर सकेंगे उन्हों के लिए समय हेल्प करेगा। लेकिन वह समय की बलिहारी होगी। अपनी नहीं।

कितनी बार बापदादा से मिले हुए हो? यह स्मृति में है कि अनेक बार यह जन्म-सिद्ध अधिकार मिला है। कितना बड़ा अधिकार है। जो कई प्रयत्नों से भी नहीं प्राप्त हो सकता, यह सहज ही प्राप्त हो रहा है ऐसा अनुभव किया है? समय बाकी कितना है और पुरुषार्थ क्या किया है? दोनों की परख है? समय कम है और पुरुषार्थ बहुत करना है। जब कोई स्टूडेंट लास्ट टाइम पर आकर दाखिल होते हैं तो वह थोड़े समय में कितनी मेहनत करते हैं। जितना समय तेज़ जा रहा है इतना तेज़ पुरुषार्थ है? कब शब्द निकाल ही देना चाहिए। जो तीव्र पुरुषार्थी होते हैं वह कब शब्द नहीं बोलते, अब बोलेंगे। अब से करेंगे। यह संगम समय का एक सेकंड भी कितना बड़ा मूल्यवान है। एक सेकंड भी व्यर्थ गया तो कितनी कमाई व्यर्थ हो जाएगी। पुरे कल्प की तकदीर बनाने का यह थोडा समय है। एक सेकंड पद्मों की कमाई करने वाला भी है और एक सेकंड में पद्मों की कमाई गँवाता है। ऐसे समय को परख करके फिर पाँव तेज़ करो। समस्याएं तो बनती रहेंगी। स्थिति इतनी पावरफुल हो जो परिस्थितियां स्थिति से बदल जाएँ। परिस्थिति के आधार पर स्थिति न हो। स्थिति परिस्थिति को बदल सकती है क्योंकि सर्वशक्तिमान के संतान हो तो क्या ईश्वरीय शक्ति परिस्थिति नहीं बदल सकती! रचयिता के बच्चे रचना को नहीं बदल

..❶ कर्मातीत अर्थात् देह के बंधन से मुक्त। कर्म कर रहे हैं लेकिन उनके कर्मों का खाता नहीं बनेगा जैसे कि न्यारे रहेंगे, कोई अटैचमेंट नहीं होगा।

..❷ कर्म करनेवाला अलग और कर्म अलग हैं – ऐसे अनुभव दिन प्रति दिन होता जायेगा। इस अवस्था में जास्ती बुद्धि चलाने की भी आवश्यकता नहीं है। संकल्प उठा और जो होना है वही होगा।ऐसी स्थिति में सभी को आना होगा।

**प्रश्न 2 :- मधुबन के दो कौन से विशेष गुण सौगात में अपने साथ ले जाना है? और क्यों?**

उत्तर 2 :- .. मधुबन के दो विशेष गुण जो सौगात में अपने साथ ले जाना है वो हैं:- अति स्नेही और इतना ही बेहद की वैराग्य वृत्ति। बाबा ने कहा है कि :-

..❶ एक स्नेह से दूसरा बेहद की वैराग्य वृत्ति से कोई भी परिस्थितियों को सहज ही सामना करेंगे। सफलता के सितारे बनने के लिए यह दो गुण मुख्य मधुबन की सौगात ले जाना है।

..❷ अगर मधुबन के विशेष गुण जीवन में धारण करके जाएँ तो सहज ही सम्पूर्ण बन सकते हैं। फिर जो रूहानी टीचर्स बनना चाहिए तो नंबर वन की टीचर बन सकते हो। क्योंकि जैसी अपनी धारणा होगी वैसे

..❹ बुरी चीज़ को सदैव फ़ौरन ही फेंका जाता है। अच्छी चीज़ को प्रयोग किया जाता है तो बुरी बातों को ऐसे फेंको जैसे बुरी चीज़ को फेंका जाता है। फिर समय पुरुषार्थ से तेज़ नहीं जाएगा। समय का इंतज़ार आप करेंगे तो हम तैयार बैठे हैं। समय आये तो हम जाएँ। ऐसी स्थिति हो जाएगी।

प्रश्न 4 :- बांधेलियों के योग के सन्दर्भ में बाबा ने क्या कहा है?

उत्तर 4 :-.. बांधेलियों के योग के सन्दर्भ में बाबा ने कहा है की:-

..❶ बांधेली का योग तेज़ होता है। क्योंकि जिस बात से कोई रोकते हैं तो बुद्धि ज़रूर उस तरफ लगी रहती है। घर बैठे भी चरित्रों का अनुभव कर सकते हो। लेकिन ऐसी लगन चाहिए। जब ऐसी लगन-अवस्था हो जाएगी तो फिर बंधन कट जायेंगे।

..❷ एक की याद ही अनेक बंधन को तोड़नेवाली है। एक से जोड़ना है, अनेक से तोडना है। एक बाप के सिवाए दूसरा न कोई। जब ऐसी अवस्था हो जाएगी फिर यह बंधन आदि सभी ख़त्म हो जायेंगे।

..❸ जितना अटूट स्नेह होगा उतना ही अटूट सहयोग मिलेगा। सहयोग नहीं मिलता, इसका कारण स्नेह में कमी है। अटूट स्नेह रख करके अटूट सहयोग को प्राप्त करना है।

